सभी जातियों के लिये | निर्देश को ध्यानपूर्वक पूरा अवश्य पढे | मूल्य-30-रु. | अन्तिम तिथि: 30 अक्टूबर 2023

# THE INDIAN ARMY (SPORTSPERSON)

www.rojgarexpress.co.in

# भारतीय थल सेना

## INDIAN ARMY SPORTS QUOTA INTAKE 01/2023

# हवलदार, नायब सूबेदारों की भर्ती

**योग्यता- दसवीं पास** | **महिला/पुरूष** | **E-mail** | **आवेदन शुल्क कुछ नहीं**

**भारतीय थलसेना द्वारा हवलदार व नायब सूबेदार के पदों पर भर्ती के लिये अविवाहित भारतीय पुरुष व महिला नागरिकों से खेल कोटा में आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते आमन्त्रित किए जाते हैं। इन पदों पर भर्ती के लिये आवश्यक योग्यता व शर्ते निम्नवत हैं :–**

**पद का नाम :** हवलदार, नायब सूबेदार (किसी एक पद के लिये आवेदन करें)

**शैक्षणिक योग्यता :** दसवीं पास

**आयु सीमा :** आवेदक का जन्म 01 मार्च 1999 को अथवा उसके बाद तथा 30 अगस्त 2006 को अथवा उससे पहले हुआ हो। (साढ़े 17 से 25 वर्ष के बीच)

**शारीरिक स्तर :** हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ, दिल्ली, राजस्थान व पश्चिम उत्तर प्रदेश (मेरठ व आगरा डिवीजन) के पुरुष आवेदकों का कद 170 सेमी, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड व उड़ीसा के लिये 169 सेमी, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, गुजरात, महाराष्ट्र, दादरा नगर हवेली, दमन व द्वीव के लिये 168 सेमी, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गोआ व पुदुचेरी, अण्डमान व निकोबार के लिये 166 सेमी, गोरखा व लद्दाखी 157 सेमी तथा अन्य राज्य व क्षेत्रों तथा सम्पूर्ण विवरण के लिये विभागीय विज्ञप्ति देखें। महिला आवेदक का कद 162 सेमी हो। सभी आवेदकों का वजन कद के अनुपातिक होना चाहिये तथा आवेदकों के सीने में कम से कम 5 से.मी का फुलाव होना चाहिये । पुरुष आवेदको को 1600 मीटर की दौड 5 मिनट 45 सैकेण्ड में पूरी करनी होगी तथा जीग–जैग ब्लेंस व 9 फीट खाई कूदनी होगी। महिला आवेदकों को 1600 मीटर की दौड 8 मिनटन में तथा 10 फीट लम्बी कूद व 3 फीट ऊँची कूद की परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

**आवेदन भेजने का पता:** भर्ती के लिये इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन पत्र बजे तक) 30.10.2023 (सायं 05.00 बजे तक) या उससे पहले ई–मेल माध्यम से भेजना होगा। आवेदन पत्र पूर्ण रुप से भरकर केवल दसवीं (जन्म तिथि सत्यापन हेतु) व खेल प्रमाण पत्र की प्रति सहित सहित अन्तिम तिथि तक निम्न पते पर ई–मेल करें–

**redsports.01@gov.in**

अपने भरे हुए आवेदन पत्र तथा दसवीं व खेल प्रमाण पत्र को स्कैन करके single PDF बनाये तथा अपने स्वयं के ई–मेल द्वारा उपरोक्त ई–मेल के पते पर भेजें।

**भर्ती के लिये आते समय साथ लाने वाले मूल दस्तावेज व अन्य:**

1) शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र । यदि दसवीं ओपन स्कूल से है तो स्कूल छोडने का प्रमाण पत्र EO/DEO से प्रतिहस्ताक्षरित हो ।
2) यदि आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित हैं तो तहसीलदार या जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र ।
3) निवास प्रमाण पत्र जो तहसीलदार या जिला मैजिस्ट्रेट से जारी हो ।
4) धर्म प्रमाण पत्र (यदि जाति प्रमाण पत्र में धर्म का उल्लेख न हो तो)
5) 20 फोटोग्राफ जिनका बैकग्राउण्ड सफेद हो तथा जो 1 माह से अधिक पुराने न हो । (बाल कटे हुए हो तथा क्लीन शेव हो)
6) स्कूल प्रिंसीपल या हैडमास्टर द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र
7) ग्राम प्रधान या नगर निगम द्वारा जारी अविवाहित होने का प्रमाण पत्र (सत्यापित फोटो सहित) जो 6 माह से अधिक पुराना न हो।
8) ग्राम प्रधान या नगर निगम द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (सत्यापित फोटो सहित) जो 6 माह से अधिक पुराना न हो।
9) आधार कार्ड तथा खेल किट ।
10) भारतीय सेना या अन्य किसी सरकारी संगठन में सेवारत या सेवानिवृत सरकारी संगठन में से या सेवानिव होने पर मूल डिस्चार्ज प्रमाण/ NOC व उसकी 4 फोटो प्रतियाँ ।

**अन्य सामा अन्य सामान्य शर्तें व निर्देश ( ध्यान देंवे)**

1. आवेदन ई–मेल करते समय Subject esa Direct Entry Havildar / Naib Subedar (Sports) Intak 01/2023 UNDER SPORTS QUOTA ENTRY [SPORTS NAME ........., अवश्य लिखें।
2. आवेदन करने से पूर्व विभागीय विज्ञापन को पूरा ध्यानपूर्वक अवश्य पढ लें तथा उसे ही सही समझे। सभी प्रकार से योग्य होने पर ही आवेदन करें।
3. खेल ट्रायल के लिये केवल चयनित आवेदकों को उनके ई–मेल पर सूचित किया जाएगा । अतः अपना ई–मेल समय–समय पर चैक करते रहें ।
4. फोटो 1 माह से अधिक पुराना न हो तथा फोटो का बैकग्राउण्ड सफेद हो
5. पुरुष आवेदक एथलेटिक्स, आर्चरी, बास्केटबाल, बाक्सिंग, गोताखोर, फुटबाल, फेंसिंग,जिम्नास्टिक,गोल्फ,हॉकी, हैण्डबाल, जूडो, कबड्डी, कायकिंग व कोनिंग,कराटे,तैराकी,स्वैवश,शूटिंग,सेलिंग,ताईक्वाडों,ट्राइथलान, वालीबाल, वेट लिफ्टिंग,रेसलिंग, वूशु या विंटर गेम्स में से किसी भी खेल का खिलाडी हो । महिला आवेदक एथलेटिक्स, आर्चरी,बाक्सिंग,जिम्नास्टिक, काइकिंग व कोनिंग, कराटे, तैराकी, शूटिंग, सेलिंग, ताइक्वाडों या रेसलिंग में से किसी खेल की खिलाडी हो । खेल स्तर, स्थिति, श्रेणी व अन्य सभी विवरण के लिये विभागीय विज्ञापन का अवलोकन करे व उसी आधार पर आवेदन करें। आवेदक ने अन्तर्राष्ट्रीय / जूनियर या सीनियर राष्ट्रीय चौम्पियनशिप / खेलो इण्डिया गेम / युवा खेलों में 01 अक्टूबर 2021 से 30 सितम्बर 2023 तक उक्त में से किसी भी खेल में उपलब्धि प्राप्त की होनी चाहिये । अधिक जानकारी के लिये **https://joinindianarmy.nic.in** देखे । किसी भी त्रुटि के लिये प्रकाशक या विक्रेता जिम्मेवार नहीं होगा । यद्यति निर्देश को प्रकाशित करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि विभाग द्वारा विज्ञापित सूचना को ही अधिकृत व सही समझा जाए। यह विज्ञप्ति केवल आवेदको के सूचनार्थ है, अधिकारिक उपयोग हेतु नहीं । विभागीय विज्ञप्ति ही अधिकारिक समझी जाए ।

सभी ऑफलाइन आवेदन पत्र इस वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं
**https://rojgarexpress.co.in**

**ध्यान दें–** यदि आपके जिले में या आपके लोकल समाचार पत्र में किसी भी भर्ती का विज्ञापन प्रकाशित हुआ है तो उसे हमारे व्हाटसअप नम्बर 8279396027 पर भेजे। बेवजह के मैसेज या व्हाट्सअप काल करने पर आपको बिना सूचना के ब्लॉक कर दिया जाऐगा।

रोजगार सूचनाओं के लिए टेलीग्राम से जुड़ें– @rojgarexpressofficial